दिनांकः 29.08.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर—अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तोकियो में कहा—भारत और जापान की साझेदारी—इस सदी की टेक कांति की अगुवाई कर सकती है।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने युवाओं को नौकरी देने की प्राथमिकता को दोहराया — कहा राज्य सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ भर्ती प्रकियाएं कर रही है।
- केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने अलवर में सांसद खेल उत्सव 2.0 का शुभारंभ किया।
- राज्य में मानसून का दौर अगले दो सप्ताह तक सक्रिय रहने के आसार—मौसम विभाग ने 10 सितम्बर तक औसत से ज्यादा बारिश की संभावना जताई।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत और जापान ने साझा सहयोग के लिए अगले दशक का रोडमैप तैयार किया है। श्री मोदी ने कहा कि जापान की टेक्नॉलोजी और भारत की प्रतिभा मिलकर इस सदी की टेक क्रांति की अगुवाई कर सकते हैं। टोक्यो में जापान आर्थिक मंच को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि वैश्विक स्थिरता पर पहल जरूरी है। आतंकवाद के खिलाफ और साइबर सिक्योरिटी पर दोनों देश सहयोग पर सहमत हुए हैं।

------------------------

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत निवेश के सबसे भरोसेमंद बाजार के रूप में विकसित हो रहा है। उन्होंने कहा कि जापान की कंपनियों ने भारत में 40 बिलियन डॉलर से ज्यादा का निवेश किया है। इस अवसर पर जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा ने कहा कि दोनों देशों के बीच निवेश और सहयोग के लिए करार होना हमारे संबंधों का विस्तार दर्शाता है।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधायी निकायों में सदस्यों के अशोभनीय आचरण पर चिंता जताई है। उन्होंने विधि निर्माताओं से राष्ट्र हित के मुद्दों पर दलगत भावना से उपर उठकर काम करने का आग्रह किया है। श्री बिरला भुवनेश्वर में अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण समितियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि विधान मण्डलों में चर्चा और संवाद का स्तर कम होना चिंता का विषय है।

श्री बिरला ने जनहित योजनाओं को समाज के वंचित वर्ग तक पहुंचाने के लिए सरकारी धन के समुचित उपयोग और मजबूत निगरानी तंत्र की जरूरत पर जोर दिया।

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ भर्ती प्रक्रियाएं कर रही है। श्री शर्मा ने कहा कि युवाओं को नौकरी देना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री श्री शर्मा आज टोंक जिले के टोडारायसिंह पहुंचे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बीसलपुर में 144 करोड़ रूपये से अधिक की लागत से बनने वाले ब्रिज का शिलान्यास किया। उन्होंने जनसभा को सम्बोधित करते हुए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर पेपर लीक कराने का आरोप दोहराया।

---------------------

000

कृषि मंत्री किरोडी लाल मीणा ने आरपीएससी में बड़े पैमाने पर धांधली होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि आर.ए.एस. भर्ती—2018 में आयोग के कई सदस्यों की भूमिका संदिग्ध रही। आज जयपुर में पत्रकारों से बातचीत में श्री मीणा ने ये भी कहा कि राज्य में कुछ लोगों ने

अनुचित साधन अपनाकर प्रशासनिक अधिकारी की नौकरी प्राप्त की ऐसे लोगों की जांच कर उन्हें सेवामुक्त किया जाना चाहिए।

----------------------------

कृषि मंत्री ने आज जयपुर में विभागीय अधिकारियों के साथ राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में जिलेवार उर्वरकों की मांग, आपूर्ति, खपत और उपलब्धता संबंधी कार्ययोजना पर चर्चा की। कृषि मंत्री ने कहा पिछले दिनों प्रदेश में घटिया और अमानक खाद–बीज तथा कीटनाशक बनाने वाली कम्पनियों पर छापेमारी की कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि इन मामलों में 62 एफआईआर भी दर्ज कराई गई हैं।

000

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी आज ब्यावर जिले के देवमाली पहुंची। उन्होंने भगवान देवनारायण उत्सव में हिस्सा लिया। अपने सम्बोधन में उपमुख्यमंत्री ने लोगों को आश्वस्त किया कि यहां जल्द ही रोपवे का काम शुरू करवाया जाएगा।

---------------------

000

केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने आज अलवर में सांसद खेल उत्सव 2.0 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री मांडविया ने अलवर में खेलों के आधारभूत विकास के लिए 10 करोड़ रूपये की राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री मांडविया ने कहा कि पॉल्यूशन का सॉल्यूशन साइकिल है, ये आत्मनिर्भरता का प्रतीक है, सभी को साइकिलिंग से जुड़ना चाहिए।

----------------------

खेलमंत्री ने कहा कि फिट इण्डिया अभियान के तहत मोटापे के खिलाफ जागरूकता जगाई जा रही है। उन्होंने खाने में तेल के उपयोग में कमी लाने की बात दोहराई। इस अवसर पर अलवर सांसद और केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव मौजूद रहे।

000

खेल दिवस के मौके पर आज से तीन दिन के फिटनेस आन्दोलन की शुरूआत हुई। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचन्द की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस साल की थीम **एक घंटा खेल के मैदान में** रखी गई है।

---------------------

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को **स्कोप एमिनेंस पुरस्कार–2022–23** प्रदान किए। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम आज़ादी के बाद से ही आर्थिक प्रगति और सामाजिक समावेशन के लिए महत्वपूर्ण रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन उद्यमों ने औद्योगिकीकरण, बुनियादी ढांचागत विकास, सामाजिक उत्थान और संतुलित क्षेत्रीय विकास की आधारशिला भी रखी।

000

राज्य में मानसून का दौर अगले दो सप्ताह तक सक्रिय रहने के आसार हैं। 10 सितम्बर तक औसत से ज्यादा बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने आज जैसलमेर, जोधपुर, बाड़मेर, उदयपुर और बांसवाड़ा सहित 11 ज़िलों में बारिश का येलो अलर्ट बताया है। इस बीच आज दोपहर राजधानी जयपुर के कई इलाकों में तेज़ बारिश हुई। सिरोही के पिण्डवाडा और स्वरूपगंज तथा पाली के सेवाडी, मुण्डारा, फालना, बाली और देसूरी सहित कई क्षेत्रों में अच्छी बारिश हुई। हनुमानगढ़, भीलवाड़ा और उदयपुर में भी मूसलाधार बारिश हुई। सलूम्बर के सराडा, सेमारी और जयसमंद में भी झमाझम बारिश के समाचार हैं। भारी बारिश से नदी–नाले उफान पर हैं जिससे हादसों का खतरा बढ़ गया है। इसे देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार यादव ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है।

------------------

बीते चौबीस घंटों में सबसे ज्यादा पानी 13 सेंटीमीटर से ज्यादा बांसवाड़ा के सज्जनगढ में बरसा। झालावाड़ के डग में 11 सेंटीमीटर बरसात रिकॉर्ड हुई। वहीं नागौर, बारां, भरतपुर, बूंदी,

सीकर, कोटा, झालावाड़ और डूंगरपुर से भी अच्छी बारिश के समाचार है। इस बीच चित्तौडगढ़ में रूपारेल नदी में एक ही परिवार के पांच लोग बह गये। इनमें से तीन को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। वहीं दो अभी तक लापता हैं जिनकी तलाश की जा रही है।
पुलिस उप अधीक्षक अंजलि सिंह ने बताया कि पारसोली क्षेत्र के हाडों का खेडा गांव का एक व्यक्ति परिवार के साथ मोटरसाईकिल पर जा रहा था कि इस दौरान चौसला पुलिया पर पानी की तेज आवक में बह गया।
उधर झुंझुनू जिले के उदयपुरवाटी में कुण्ड में डूबने से दो लोगों की मृत्यु हो गई। उदयपुरवाटी थाना प्रभारी ने बताया कि हादसा छापोली गांव के कदंब कुंड में सेल्फी लेने के दौरान फिसलने से हुआ। दुर्घटना के शिकार लोग उत्तरप्रदेश के बुलंदशहर के रहने वाले थे और घूमने राजस्थान आए थे।

000

संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने स्कूलों में नामांकन कार्य को गंभीरता से लेने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि नामांकन में कमी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्री पटेल जोधपुर के देसूरिया बिश्नोइया गांव में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में बोल रहे थे।

**000**